प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 03.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–कोई नहीं छीन सकता एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण, कांग्रेस को बताया दलित, वंचित, आदिवासी विरोधी।
- झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी अपने घोषणा पत्र के पांच प्रमुख बिंदुओं को आज से जारी करना शुरू करेगी।
- पाकुड़ में मांझी परगना महासम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन होंगे शामिल, संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ और बदलती डेमोग्राफी की समस्या पर होगा मंथन।
- सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए छात्र संगठनों ने राज्य में कई जगहों पर किया प्रदर्शन, परीक्षा रद्द करने की मांग।
- शारदीय नवरात्र के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना, मंदिरों में लगा भक्तों का तांता।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि किसी भी कीमत में एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण समाप्त नहीं होगा। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण छीनकर अपने खास वोटबैंक को देना चाहती है । श्री मोदी ने कहा कि भाजपा के कारण ही एसटी, एससी और ओबीसी का आरक्षण सुरक्षित है।

श्री मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार के संरक्षण में पेपर लीक गिरोह चल रहा है।

****

केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव ने दावा करते हुए कहा है कि चुनाव के बाद झारखंड में परिवर्तन निश्चित है और एनडीए की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखंड दौरे को लेकर संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय का जो कार्यक्रम लॉन्च किया है, उसका पूरे झारखंड में बहुत बड़ा प्रभाव है। उन्होंने हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया।

****

झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी अपने घोषणा पत्र के पांच प्रमुख बिंदुओं को आज से जारी करना शुरू करेगी। रांची में झारखंड विधानसभा चुनाव के सह–प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा राज्य के निर्माण के 25 साल पूरे होने के मद्देनजर 25 सूत्री घोषणा पत्र जारी करेगी। उन्होंने बताया कि पार्टी भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर राज्य के विकास के लिए 150 प्रतिबद्धताओं के साथ काम करेगी। 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव इस साल के अंत में होंगे।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चम्पाई सोरेन आज पाकुड़ के बाजार समिति प्रांगण में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन में शामिल होंगे। महासम्मेलन में भाग लेने के लिए आदिवासियों की पारंपरिक व्यवस्था को संचालित करने वाले ग्राम प्रधान,नायकी,गुडित का कार्यक्रम स्थल पर आना शुरू हो गया है। इस महासम्मेलन में संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ और बदलती डेमोग्राफी की समस्या पर भी मंथन होगा।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

जेएसएससी– सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए छात्र संगठनों ने परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर राज्य में कई जगहों पर प्रदर्शन किया है । साहिबगंज महाविद्यालय के छात्रों ने पूरे शहर में बंदी का आह्वान किया है । दुमका में भी छात्र संगठनों ने परीक्षा रद्द की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन किया।

****

चतरा जिले में आज से 5 अक्टूबर तक 29 स्थानों पर शिविर के माध्यम से बिजली बिल माफी के प्रमाण पत्र के वितरण का कार्य किया जायेगा।

****

देवी दुर्गा की पूजा का 9 दिवसीय त्योहार –नवरात्रि आज श्रद्धा–भाव और उत्साह के साथ शुरू हो गया। पहले दिन देवी दुर्गा के शैलपुत्री स्परूप की आराधना की जा रही है। रांची समेत राज्य भर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। व्रत रखने के साथ ही भक्त अपने घरों में कलश स्थापना कर आराधना कर रहे हैं। देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर में भी नवरात्र पर खास तैयारी की गई है। यहां हर साल बड़ी संख्या में भक्त नवरात्र के दिनों में मां छिन्नमस्तिका मंदिर पहुंचकर मां की आराधना करते हैं. विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज से शुरू हुए नवरात्रि के शुभ अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, शक्ति वंदना को समर्पित यह पवित्र त्योहार सभी के लिए शुभ साबित हो। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी हैं।

****

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर में बने भव्य दुर्गा पूजा पंडाल का दर्शन किया। संवाददाताओं से बात करते हुए श्री मुंडा ने कहा कि शांति और शक्ति यह दोनों ऐसी चीज हैं जो हर एक राष्ट्र हर एक व्यक्ति में समान रूप से होनी चाहिए। खरसावां विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के सवाल पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि चुनाव व्यक्ति नहीं बल्कि संगठन लड़ता है। उन्होंने दावा किया कि झारखंड के सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत तय है।

****